>

Title: Need to link Anwarganj - Mandhana railway line to Panki Kanpur in Uttar Pradesh- laid.

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कानपुर में अनवर गंज से मन्धना तक रेल लाईन की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ । कानपुर एक औद्योगक शहर है जिसकी आबादी 50 लाख है । महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र कानपुर में अनवरगंज से मन्धना तक एक रेलवे लाइन जाती हे जो फर्रुखाबाद के रास्ते दिल्ली को जोड़ती है । अनवरगंज से मन्धना तक रेलवे लाईन जी.टी. रोड के समानान्तर है, इस रेलवे लाईन के दोनों और शहर बसा हुआ है । इस रेलवे लाइन पर 11 फाटक हैं, जिस पर लोगों का आना जाना रहता है । लेकिन पिछले कुछ दिनों में इस रेलवे लाईन पर ट्रेनों की संख्या बढ़ा दी गई है । जिससे रेलवे फाटक बन्द रहते हैं, और जी.टी. रोड पर जाम की समस्या बनी रहती है ।

फाटक के पास बने हुए मार्केट जिसमें "गरीब चौकी, गुमती, गुरूदेव प्लेस, रावतपुर, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान केन्द्र, कल्यानपुर और आई.आई.टी. कानपुर इस लाईन के पास बसे हुए हैं । जहाँ फाटक क्रॉस करना होता है । कानपुर के जनप्रतिनिधि, व्यापारी और उद्योगपति के द्वारा अनेक वर्षों से इस रेलवे लाइन को मन्धना से पनकी तक जोड़ने की मांग की जाती र ही है । लेकिन अभी तक रेल मंत्रालय द्वारा कोई उचित ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं । इसे रेलवे लाईन को जोड़ने से लोगों को सुविधा मिलेगी, जी.टी. रोड को जाम से निजात मिलेगी, व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी होगी ।

कानपुर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस रेलवे लाईन को मन्धना से पनकी जोड़ने का कष्ट करें ।